संतुलित आहार सेहत का आधार: डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता

By **Admin** September 13, 2022

बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह के चलते 12 से 17 सितम्बर तक एनएसएस के तत्वाधान में पोषण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसमें संतुलित भोजन का महत्व और कुपोषण के दुष्प्रभाव से समाज को अवगत कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता के सहयोग और कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 13 सितम्बर को स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन लेखन के शीर्षक संतुलित आहार सेहत का आधार और स्वछ भारत स्वस्थ भारत था और पोस्टर मेकिंग का शीर्षक कुपोषण का दुष्प्रभाव था। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से संतुलित आहार से निरोग रहने का संदेश दिया और स्वच्छ को स्वस्थ का आधार बताया।

प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने सभी प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई दी और उन्हें इस संदेश को परिवार और समाज तक फैलाने का आग्रह किया और यह बताया कि कैसे पाश्चात्य सभ्यता से आए जंक फूड से कैसे हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार बनते जा रहे हैं। प्रकृति ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ मानव शरीर के पोषण के लिए दिए हैं जिनके सेवन से हम ताउम्र निरोगी रह सकते हैं। युवा पीढ़ी को इस तथ्य को जानने की बहुत जरूरत है।

प्राचार्य ने एनएसएस की तीनों इकाइयों की प्रभारी डॉ.शोभना गोयल यूनिट सेकंड, डॉ.सुप्रिया यूनिट फर्स्ट और डॉ.सीमा मलिक यूनिट थर्ड को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।